Public Health England

NHS

## लंदन में रहने वाले माता-पिता के लिए जानकारी

# आपका शिशु और टीबी, बीसीजी का टीका



कई अन्य देशों की भांति, यूके में भी उन शिशुओं को बीसीजी (बैसिलस काल्मेट-गुएरिन) का टीका लगवाने का प्रस्ताव दिया जाता है जिनकी किसी टीबी (क्षय रोग) से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने की अधिक संभावना है।

इसमें वह शिशु शामिल हैं जो ऐसे स्थान में रहते हैं जहाँ टीबी की उच्च दरें हैं या वह शिशु जिनके माता-पिता या दादा/दादी/नाना/नानी ऐसे देश से हैं जहाँ टीबी की उच्च दरें हैं।

immunisation
the safest way to protect your child

साल 2016 से लंदन के कई मैटरनिटी वॉर्ड में पैदा होने वाले सभी शिशुओं को बीसीजी का टीका लगवाने का प्रस्ताव दिया जाता है क्योंकि देश के अन्य जगहों की तुलना में यहाँ टीबी के संक्रमण के दर अधिक उच्च हैं। हालांकि पिछले 8 सालों से साल दर साल लंदन में टीबी की बीमारी का शिकार होने वाले लोगों की संख्या लगातार कम हो रही है।

अतः सितम्बर 2020 से, लंदन में पैदा होने वाले हर शिशु के लिए बीसीजी का टीका उपलब्ध नहीं होगा। टीबी की उच्च दरों वाले क्षेत्रों में रहने वाले शिशुओं को या वह शिशु जिनके माता-पिता या दादा/दादी/नाना/नानी ऐसे देश से हैं जहाँ टीबी की उच्च दरें हैं, उन्हें अब भी बीसीजी का टीका लगवाने का प्रस्ताव दिया जाएगा। बीसीजी टीके को कम्यूनिटी क्लिनिकों में प्रदान किया जाएगा।

## सितम्बर 2020 से अगर निम्नलिखित में से किन्हीं भी सवालों के लिए आपका जवाब 'हाँ' हो तो आपकी मिडवाइफ, हेल्थ विजिटर या जीपी आपके शिशु को एक कम्यूनिटी बीसीजी टीकाकरण क्लिनिक के पास रेफर करेंगे:

- क्या आपका शिशु, शिशु की माँ, पिता या दादा/दादी/नाना/नानी या आपके साथ रहने वाला कोई भी अन्य व्यक्ति किसी ऐसे देश से आता है जहाँ टीबी* के उच्च दर हैं?
- क्या आप और आपका शिशु इन देशों में से किसी एक में अपने दोस्तों और परिवार के साथ रहेंगे या थोड़े समय के लिए रहने जाएंगे?
- क्या आपके साथ रहने वाले किसी व्यक्ति को या आपके शिशु के साथ बहुत समय बिताने वाले किसी व्यक्ति को मौजूदा समय में टीबी है या अतीत में टीबी रह चुका है?
- क्या आप लंदन के न्यूहैम बरो में रहते/ती हैं?



* www.gov.uk/government/publications/tuberculosis-tb-by-country-rates-per-100000-people

© Crown copyright 2020. प्रोडक्ट कोड: 2020103B. पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड गेटवे नंबर: 2020103. संस्करण 1. 27-07-2020। उक्त प्रोडक्ट कोड का उपयोग करके HealthPublications.gov.uk से इस पोस्टर की कापियों को ऑर्डर किया जा सकता है।